092 सूरह लैल. (मजामीन)

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब. मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ.

नोट.- ये PDF कोई भाषा या व्याकरण नही हे,
बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

» सखी और कंजूस.

रात दिन का आना जाना और नर और मादा की पैदाइश इस बात के गवाह हे मुख्तलिफ कामों मेसे कामयाबी अल्लाह की हिदायत पर अमल करने से ही होगी.

रात की अंधेरी और दिन की रोशनी की कसम, नर और मादा की कसम, ये सब इस बात के गवाह हे कि जैसे ये सब मुख्तलिफ हे इसी तरह तुम्हारी कोशिशें भी मुख्तलिफ हे. याद रखो जिसने अल्लाह की राहे मे माल दिया, और अल्लाह की नाफरमानी से बचा, और कलिमा ए तैयबा को सच्चा माना, तो हम उस्के लिये जन्नत के रास्ते आसान कर देंगे, लेकिन जिसने कंजूसी की, बेनियाज़ी और बेपरवाही इख्तियार की, और कलिमा ए तैयबा को झूठलाया तो उस्के लिये जहन्नम के रास्ते खुल जायेंगा. जब वो हलाक हो जायेंगा तो जमा किया हुआ माल उस्के किस काम आयेंगा, रास्ता दिखाना हमारा काम हे और हम ही दुनिया और आखिरत के मालिक हे. हम तुम्को भडकती हुई आग से डरा रहे हे जिस्का इंधन बदबख्त नबी को झूठलाने वाले और ईमान से मुंह मोडने वाले होंगे और परहेज़गार दोज़ख से दूर रहेंगे, जो अपना माल गुनाहों से पाक होने के लिये देते हे और ये सब कुछ अल्लाह को राज़ी करने के लिये करते हे और बहुत जल्दी अल्लाह उन्को अपने से राज़ी कर लेगा. यानी अल्लाह अपनी रज़ामंदी उन्को आता करेगा, जो सबसे बडी नेमत हे.